# गंगा एक्सप्रेस-वे अब बनारस तक, 320 किमी का विंध्य एक्सप्रेस-वे भी बनेगा

## संगम तट पर मंत्रिमंडल समूह की बैठक में योगी सरकार ने लिए कई बड़े निर्णय

- प्रयागराज से आगे बढ़ते हुए पूर्वांचल एक्सप्रेस-वे से भी जुड़ेगा गंगा एक्सप्रेस-वे
- विंध्य एक्सप्रेस-वे प्रयागराज से वाराणसी, मीरजापुर, चंदौली और सोनभद्र को जोड़ेगा
- चंदौली से गाजीपुर तक बनेगा 100 किमी लंबा विंध्य-पूर्वांचल लिंक एक्सप्रेस-वे

**जागरण संवाददाता, महाकुंभ नगर** : श्रद्धा आस्था की नगरी में संगम तट पर योगी सरकार के महामंथन में कई बड़ी योजनाओं का अमृत निकला। यहां दूसरी बार हुई कैबिनेट की विशेष बैठक में दो बड़ी योजनाएं विंध्य एक्सप्रेस-वे और गंगा एक्सप्रेस-वे के विस्तार के रूप में स्वीकृत हुईं। विंध्य एक्सप्रेस-वे प्रयागराज में गंगा एक्सप्रेस-वे को कनेक्ट करते हुए शुरू होगा और प्रयागराज, वाराणसी, मीरजापुर, चंदौली और सोनभद्र को जोड़ेगा। इसकी लंबाई 320 किमी होगी। अभी तक मेरठ से शुरू होकर प्रयागराज में ही खत्म होने वाले गंगा एक्सप्रेसवे को विस्तार दिया गया है। अब यह वाराणसी तक जाएगा और लिंक रोड द्वारा पूर्वांचल एक्सप्रेसवे से जुड़ेगा। 2019 के पिछले कुंभ में संगम पर हुई पहली कैबिनेट बैठक में योगी सरकार ने प्रदेश को गंगा एक्सप्रेसवे का उपहार दिया था।

झूंसी में गंगा तीरे बने त्रिवेणी संकुल में हुई विशेष कैबिनेट बैठक में मंत्रियों के साथ राज्यमंत्री (स्वतंत्र प्रभार) और राज्यमंत्री भी उपस्थित रहे जिसमें सरकार ने अपने लोक कल्याण के संकल्प के तहत कई अन्य प्रस्तावों को भी स्वीकृति दी। बैठक के बाद मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ दोनों उप मुख्य मंत्रियों केशव प्रसाद मौर्य और ब्रजेश पाठक के साथ पत्रकारों के समक्ष आए और निर्णयों की जानकारी दी। उन्होंने बताया कि विंध्य एक्सप्रेस-वे के साथ ही 100 किमी लंबाई वाले विंध्य-पूर्वांचल लिंक एक्सप्रेसवे के निर्माण को सैद्धांतिक सहमति दी गई है। मुख्यमंत्री ने कहा कि प्रदेश में कनेक्टिविटी नेटवर्क विकास और औद्योगिक परियोजनाओं का विकास हो रहा है। वर्तमान में प्रदेश के पश्चिमांचल, मध्यांचल, पूर्वांचल और बुंदेलखंड क्षेत्र एक्सप्रेसवे से आच्छादित हैं। अब दूरवर्ती दक्षिणी-पूर्वी विंध्य क्षेत्र में सामाजिक एवं आर्थिक विकास के लिए विंध्य एक्सप्रेस-वे का निर्माण किया जाएगा। इस नए एक्सप्रेस का प्रारंभ बिंदु प्रयागराज में गंगा एक्सप्रेसवे होगा जबकि सोनभद्र में एनएच-39 पर इसका समापन होगा।



महाकुंभ नगर में बुधवार को मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ व उनकी कैबिनेट के सदस्य जब जल में आत्मिक शांति व राज्य की समृद्धि की कामना से पावन स्नान के लिए उतरे तो आस्था का प्रवाह वहां उपस्थित जनसमुदाय में भी दृष्टिगोचर हुआ। संगम में पुण्य की डुबकी लगाते मुख्यमंत्री के साथ उपमुख्यमंत्री द्वय केशव प्रसाद मौर्य (बाएं) और ब्रजेश पाठक (दाएं) आनंदित दिखे ● सूचना विभाग

संबंधित खबर » पेज 14 व 15

प्रगति के नए द्वार
» संपादकीय